रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 08 सितंबर 2019, बरेली, पंच प्रदेश, 21 संस्करण, नवभारत
www.livehindustan.com

कार्यशाला में बताया कैसे लिखें शोध पत्र

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्रीराममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली में एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्देय शोध-पत्रों के प्रभावी लेखन को लेकर था इस कार्यशाला को करने में इण्डियन काउन्सिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, नई दिल्ली के सहयोग द्वारा किया गया।

कार्याशाला मे मुख्य प्रवक्ता के रूप में बीएचयू बनारस से डॉ. रतन श्रीवास्तव व डॉ. मनु श्रीवास्तव आई थी। कार्याशाला में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्याशाला का उद्देय छात्रों को रिसर्च के विषय का चुनाव व उससे जुड़ी सावधानियों के विषय में छात्रों को अवगत कराना था। डॉ. मनुश्री द्वारा शोध के विषय का चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विय पर प्रका डाला गया।

एसआरएमएस में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

द्वितीय सत्र ने डॉ. रतन ने विषय का परिचय लेखन किस प्रकार किया जाये इस पर उन्होंने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी क्रम के तृतीय सत्र में डॉ. मनुश्री ने बताया कि किस प्रकार शोध छात्रों को अपने शोध के विषय से सम्बन्धित अपनी पठन सामग्री कैसे एकत्रित करें।